आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.09.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने कहा है कि द्वीपों में सरकार की सभी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सहयोग देने के लिए तीन निजी अस्पतालों को सम्मानित किया गया है।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि वह मेक इन इंडिया पहल को और मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य सुधार योजना–बीआरएपी दो हजार चौबीस लागू करेगी।
- राष्ट्रीय पोषाहार संस्थान हैदराबाद की ओर से द्वीपसमूह में डाईट और भारतीय बायोमार्कर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा।
- विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय कल से कार्य करना आरंभ कर देगा।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय सचिव अर्जुन शर्मा ने कहा है कि द्वीपों में सरकार की सभी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा कि समुदायों को शामिल कर योजनाओं के लाभ के बारे में भी जागरूकता उत्पन्न की जा रही है, ताकि लोग इनका लाभ उठा सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में सहयोग देने के लिए तीन निजी अस्पतालों को सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विशेष सचिव स्वास्थ्य और संघशासित स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अनिल अग्रवाल ने इन संस्थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें अरूण अस्पताल डॉलीगंज, स्वास्थ्य मेडिकल सेन्टर भातुबस्ती और चेन्नई श्री बालाजी स्कैन सेन्टर फीनिक्स बे शामिल है। द्वीपों में इन तीनों निजी अस्पतालों द्वारा अभियान के तहत निशुल्क सेवाएं प्रदान की जा रही है। इनके अलावा दस निजी डॉक्टरों ने भी पिछले वर्ष नौ मार्च से स्वैच्छिक रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए शपथ ली है। ये योजना द्वीपसमूह में नौ सितम्बर दो हजार सोलह में शुरू की गई थी और प्रत्येक महीने के नौ तारीख को चिन्हित सार्वजनिक तथा निजी स्वास्थ्य संस्थानों में जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। योजना की स्थापना से लेकर अब तक उनतीस हजार पांच सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच की जा चुकी है और निजी डॉक्टरों द्वारा तीन सौ से अधिक परामर्श सेवाएं तथा अल्ट्रा सोनोग्राफी प्रदान की गई है।

<><><><><><><>

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है कि वह मेक इन इंडिया पहल को और मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य सुधार योजना–बीआरएपी दो हजार चौबीस लागू करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस योजना से कारोबारी प्रक्रियाओं को और सुव्यवस्थित किया जा सकेगा, नियमों के अनुपालन का बोझ कम होगा और डिजिटल समाधान के जरिये भारत को पसंदीदा वैश्विक निवेश का केंद्र बनाने का

मार्ग प्रशस्त होगा। व्यापक कार्य सुधार योजना को दो हजार चौदह–पन्द्रह में शुरू किया गया था।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषाहार संस्थान हैदराबाद की ओर से द्वीपसमूह में डाईट और भारतीय बायोमार्कर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। प्रशासन के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने इसके लिए सैद्धान्तिक रूप से अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सर्वेक्षण के माध्यम से द्वीपसमूह में लोगों की पोषाहार की स्थिति और स्वास्थ्य की जानकारी एकत्र की जाएगी। ये सर्वेक्षण द्वीपसमूह सहित सभी अट्ठाईस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन इस वर्ष आठ जुलाई को हुआ। सर्वेक्षण का कार्य डॉ. आयशा उमेरा खान और डॉ. श्वेता द्वारा डॉ. अनूप गौतम के सहयोग तथा डॉ. साइराम के समन्वय के साथ किया जा रहा है। सर्वेक्षण का कार्य दक्षिण अंडमान ज़िले के इक्कतीस प्राथमिक नमूने इकाईयों में पूरा कर लिया गया है। अब इस कार्य को मध्योत्तर अंडमान में शुरू किया गया है और एक नवम्बर से निकोबार ज़िले में इसे शुरू किया जाएगा। सर्वेक्षण का कार्य पूरा करने के बाद द्वीपों में पोषाहार की स्थिति में सुधार के लिए प्रस्तावों के साथ निष्कर्ष साझा किया जाएगा। लोगों से सर्वेक्षण के कार्य में सहयोग देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के सिलसिले में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की गृह विज्ञान विभाग और समाज कल्याण निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का समापन समारोह कॉलेज में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या ने अच्छे पोषाहार की आदतें डालने में विद्यार्थी की भूमिका पर

प्रकाश डाला। कॉलेज के प्रचार्य डॉ. एच के शर्मा ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने को कहा। सहायक प्रोफेसर निधि शेखावत ने सप्ताहव्यापी कार्यक्रम की रिपोर्ट पेश की। इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग का गाराचरमा साईट कार्यालय कल से कार्य करना आरंभ कर देगा। यह नया कार्यालय पत्थरगड्ढा जंक्शन में विद्युत भवन के उप–संभागीय कार्यालय के दूसरे तले पर स्थापित किया गया है। इस साईट कार्यालय की स्थापना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और इस कार्यालय के माध्यम से नए कनेक्शन, बिलों का भुगतान और उनकी शिकायतों का समाधान भी किया जाएगा। विद्युत विभाग की वेबसाइट में जाकर गाराचरमा साईट कार्यालय से जुड़ने वाले उपभोक्ता अपने खाता संख्या की जांच कर सकते हैं। पूछताछ या सहायता के लिए उपभोक्ता मेल पर या फोन सख्या दो पांच शून्य दो पांच आठ पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आयोजित होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने की समय सीमा सात अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है।

<><><><><><><>

जाने माने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार अगले महीने सत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी

घोषणा करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कोलकाता की सड़कों से लेकर फिल्म जगत की ऊंचाईयों तक पहुंचने की मिथुन दा की उपलब्धियां कई पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग में लेखा सहायक, कार्यालय सहायक, राज्य मिशन समन्वयक जैसे विभिन्न पदों को भरने के लिए तीन और चार तारीख को साक्षात्कार अब सुबह दस बजे के स्थान पर सुबह साढ़े नौ बजे से आरंभ होगा। बहुद्देशीय कर्मी के लिए साक्षात्कार चार अक्तूबर को दिन में दो बजे से गोलघर स्थित समाज कल्याण सचिव के कक्ष में लिया जाएगा।

<><><><><><><>